
## फसल खराबे का मुआवजा देने की मांग

**गंगापुर सिटी।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द डोटासरा के निर्देशानुसार प्रदेश जिला स्तर पर कांग्रेस कमेटियों द्वारा आमजन की समस्याओं एवं मांगों को प्रदेश सरकार तक पहुंचाने तथा सरकार के नींद से जगाने के लिए मंगलवार को कांग्रेसियों ने जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट पति के नाम जन समस्याओं के निराकरण के लिए ज्ञापन दिया गया। इस दौरान कांग्रेस पीसीसी सदस्य मुकेश शर्मा, पीसीसी सदस्य अब्दुल बहाव, ब्लाक अध्यक्ष शहर नवीन खांन, ग्रामीण ब्लाक अध्यक्ष छोटे लाल व्यास, बामनवास कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष घनश्याम झारोडी, युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुबह सिंह मीना, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष हरगोविन्द कटारिया, विकास जैन, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कैलाश मीना व राकेश छान आदि ने बताया कि राज्य में अराजकता है। कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। किसान बदहाल है। अतिवृष्टि के कारण जो फसलें खराब हो गई है, उनको अभी तक मुआवजा नहीं दिया गया। इसके अलावा गंगापुर सिटी जिले में भारी वर्षो के कारण शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में अधिकतर सडकें क्षतिग्रस्त होकर टूट चुकी है। जिससे आवागमन अवरुद्ध हो चुका है। साथ ही जनहानि होने की आशंका बनी हुई है। टूटी सडकों को तत्काल ठीक करवाकर जनता को राहत दी जाए। राज्य में बढती महंगाई दर एवं बेरोजगारी से आमजन की कमर टूट चुकी है।

# कांग्रेस कमेटी भरतपुर ने जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया

**भरतपुर ( निस )।** राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी सरकार के 10 माह के कार्यकाल के दौरान शासन की अकर्मण्यता तथा आम आदमी को चिकित्सा, शिक्षा, बिजली, पानी एवं सड़क जैसी मूलभूत आवश्यकताओं में हो रही लगातार कमी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी भरतपुर के अध्यक्ष दिनेश सूपा के नेतृत्व में जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारीयो,जनप्रतिनिधियों एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने जिला कलेक्टर को महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया। जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर पूरे प्रदेश में आज जिला मुख्यालयों पर सरकार की विफलताओं के विरोध में ज्ञापन दिए गए हैं। ज्ञापन देने से पूर्व कार्यकर्ताओं की एक बैठक जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए सूपा ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद राज्य में महिला अत्याचार, दलित अत्याचार नाबालिगों के साथ बलात्कार, प्रदेश में मारपीट, गुंडागर्दी तथा अपराध बेलगाम बढ़े हैं। सूपा ने भाजपा सरकार से मांग करते हुए कहा कि भरतपुर जिला सहित पूरे राज्य में अभी हाल ही में अतिवृष्टि से हुए किसानों को भारी नुकसान का तुरंत उचित मुआवजा दिलवाया जाए तथा पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाये जैसे चिरंजीवी योजना, ओल्ड पेंशन स्कीम, वृद्धावस्था पेंशन, बेरोजगारी भत्ता आदि को बंद ना करके निरंतर जारी रखा जाए तथा डीजल एवं पेट्रोल की दरों को काम किया जाए। जिससे आम आदमी को राहत महसूस हो सके तथा महंगाई दर कम हो सके। उक्त सभी समस्याओं को लेकर जिले के समस्त उपखंड स्तरों पर भी ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों की ओर से संबंधित उपखंड अधिकारी एवं सक्षम अधिकारियों को ज्ञापन दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त 1 अक्टूबर को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के जन्म दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा के नेतृत्व में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि सर्वप्रथम भूरी सिंह व्यायामशाला पर डोटासरा साहब के जन्म दिवस पर केक काटा गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा ने कहा कि राजस्थान में जब से गोविंद सिंह डोटासरा ने प्रदेश कांग्रेस कि कमान संभाली है, तब से प्रदेश में कांग्रेस संगठन निरंतर मजबूत हुआ है।



जिला कांग्रेस कमेटी भरतपुर के अध्यक्ष दिनेश सूपा के नेतृत्व में कलेक्टर को महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया।

## कार्यक्रम आयोजित

**भरतपुर ( निस )।** हरिदत्त ग्रुप ऑफ इन्स्टीटयुशन्स और यातायात पुलिस भरतपुर के ओर से सडक सुरक्षा-जीवन रक्षा अभियान के अन्तर्गत राजस्थान पुलिस के यातायात नोडल अधिकारी प्रवीण कुमार के मुख्य आतिथ्य व निदेशक डॉ आलोक शर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। निदेशक डॉ आलोक शर्मा ने बताया कि श्री हरिदत्त ग्रुप ऑफ इन्स्टीटूशन्स एवं सडक सुरक्षा जागरूकता से संबंधित गतिविधियां की गई। आमजन से यातायात नियमों के माध्यम से समझाइश की गई एवं सभी अभिभावकों को भी हिदायत दी गई कि महाविद्यालय में जो भी विद्यार्थी वाहन पर बिना हेलमेट आयेगा, उसे महाविद्यालय में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। नोडल अधिकारी प्रवीण कुमार ने अनूठे अंदाज में कॉलेज के बच्चों को यातायात नियमों का पालन और सडक सुरक्षा से जुडे विषयों पर जानकारी दी। प्रवीण कुमार ने बताया कि 4 साल के बच्चे के लिए भी हेलमेट होना चाहिए। यातायात नियमों के तहत अत्यधिक सवारी बैठाकर गाडी नहीं चलाने, सुरक्षित रूप से वाहन चलाने, वाहन चालक नशे में गाडी चलाता है तो गाडी में नहीं बैठने, सीट बेल्ट और हेलमेट के महत्व के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर यातायात शाखा भरतपुर के ओमवीर कॉस्टेबल, सीटीआईगोपालप्रसाद, मोहित कुमार, योगाचार्य केशव सिंह, मोहनलाल शर्मा आदि उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### अधिकारियो ने किया श्रमदान



स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सफाई करते अधिकारी।

**गंगापुर सिटी।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत मंगलवार को कलेक्टर के निर्देशन में जिलेभर में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला मुख्यालय सहित सभी उपखंडों में जिला और उपखंड स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संबंधित कार्यालयों में श्रमदान कर साफ-सफाई की। कलेक्टर ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देश पर 17 सितंबर से शुरू होकर एक अक्टूबर तक संपूर्ण जिले में चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा पखवाडे के तहत स्वच्छता श्रमदान आयोजित किया गया। स्वच्छता श्रमदान का उद्देश्य अपने नगर एवं ग्राम पंचायतों के साथ-साथ पार्क एवं पर्यटन स्थलों को भी स्वच्छ बनाना है। उन्होंने ने बताया कि स्वच्छता श्रमदान के तहत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संबंधित कार्यालयों में श्रमदान किया। इस दौरान स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सभी राजकीय कार्यालयों में पूर्ण साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण के कार्य में अग्रणी रहने वाले कार्यालयों को 2 अक्टूबर को जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। कलेक्ट्रेट और उदेई मोड पर कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी के द्वारा सफाई अभियान चलाया। इसके बाद नगर परिषद, नगर पालिका, पंचायत समितियों द्वारा सामूहिक रूप से निर्धारित स्थानों पर साफ-सफाई की गई। वहीं, गंगापुर सिटी के नगर परिषद क्षेत्र में उदेई मोड पर श्रमदान किया गया। कलेक्टर ने जिलेवासियों से अपील की है कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रमों में अधिक से अधिक भाग लेकर अभियान को सफल बनाएं और जिले को स्वच्छ बनाएं। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामकिशोर मीना ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत संपूर्ण राज्य में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रहीं हैं। इसी क्रम में स्वच्छता ही सेवा पखवाडे के तहत अन्तर्विभागीय स्वच्छता प्रतिस्पर्धा किया गया, जिसके लिए जिला कलेक्टर द्वारा एक त्रिस्तरीय कमेटी का गठन किया गया है। अग्रणी कार्यालयों के चयन के लिए मूल्यांकन के कुल 15 संकेतक निर्धारित किए गए है। ऐसे में उक्त मानकों के आधार पर जो भी कार्यालय बेहतर प्रदर्शन करेगा उन 3 अग्रणी कार्यालयों को 2 अक्टूबर को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर सभी जिला स्तरीय अधिकारी, उपखंड अधिकारी बृजेन्द्र कुमार मीना सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### अग्रसेन जयंती महोत्सव मनाया

**भरतपुर ( निस )।** अग्रवाल सेवा संस्थान रंजीत नगर भरतपुर इकाई द्वारा भगवान अग्रसेन जयंती महोत्सव के अवसर पर संस्था अध्यक्ष एसपी जिंदल की अध्यक्षता में एवं उद्योगपति डबल ए क्लास कॉन्टैक्टर कपूर चंद सिंघल एवं भरतपुर जिला व्यापार महासंघ के जिलाध्यक्ष संजीव गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में रणजीत नगर स्थित आदर्श विद्या मंदिर में गाड़ियां लुहार प्रकल्प बच्चों के बीच में जाकर बच्चों के साथ भगवान का भजन एवं भोजन प्रसादी कर महोत्सव को एक उत्सव के रूप में मनाया गया। पूर्व अध्यक्ष सतीश चंद्र गुप्ता, शंकरलाल अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष नवल किशोर गुप्ता महामंत्री मुकेश सिंघल कोषाध्यक्ष रामनिवास अग्रवाल एवं पदाधिकारियों द्वारा सर्वप्रथम भगवान अग्रसेन महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन कर आरती की गई। महामंत्री मुकेश सिंघल ने बताया की संस्था पदाधिकारी ने सभी आगंतुक अतिथियों का माला दुपटटा पहना कर एवं सम्मान-पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं आदर्श विद्या मंदिर के व्यवस्थापक एवं महाराणा प्रताप छात्रावास में रह रहे बच्चों के बारे में गोविंद गुप्ता, मुकेश अग्रवाल एवं वीरेंद्र सर ने बच्चों एवं उनकी व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से बताया। इस मौके पर विशेष सिंघल, लतेश गोयल, संजय अग्रवाल, सुनील बंसल, विनोद जैन, राधा मोहन अग्रवाल, नरेंद्र सिंघल, लोकेश सिंघल, दिलीप गर्ग, नीरज गुप्ता एवं पदाधिकारी, मातृशक्ति, एवं सभी ब्लॉक प्रभारी, एवं सदस्य मौजूद रहे।

### निशुल्क जांच कर उपचार किया

**भरतपुर ( निस )।** अग्रवंश के कुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर अग्रसेन शोभायात्रा समिति के तत्वावधान में मनाये जा रहे आठ दिवसीय कार्यक्रमों के अंतर्गत चतुर्थ दिवस अग्रवाल सभा के द्वारा आयोजित शिविर में निशुल्क फिजियोथेरेपी, हड्डी रोग, नेत्र रोग, होम्योपैथी एवं फिजिशियन चिकित्सकों द्वारा 368 रोगियों की जांच कर उपचार किया गया। जिसमें 118 नेत्र रेगी, 82 हड्डी रोग, 68 फिजिशियन से संबंधी रोगी, 64 होम्योपैथी व 36 फिजियोथेरेपी रोगी सम्मिलित थे। सभी रोगियों को निशुल्क दवाईयों का वितरण तथा नेत्र रोगियों को निशुल्क चश्मों का वितरण किया गया। शिविर संयोजक विनोद सिंघल एवं अग्रवाल सभा के महामंत्री ने बताया कि शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौरव कपूर विशिष्ट अतिथि रामकुमार गुप्ता, भरतपुर जिला अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष सीए अतुल मित्तल, अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग गर्ग उपस्थित रहे। शिविर का शुभारम्भ महाराजा अग्रसेन के विग्रह पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलन व पूजा अर्चना के साथ हुआ।

## महिला की हत्या मे फरार आरोपी को दस्तयाब किया

**भरतपुर ( निस )।** मथुरागेट थाना पुलिस व डीएसटी भरतपुर ने बडी कार्यवाही करते हुए मधुवन गार्डन मैरिज होम में महिला की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए महिला की हत्या कर फरार हुये आरोपी को दस्तयाब किया।

पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के सुपरवीजन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय भरतपुर लालचन्द कायल के निकटतम पर्यवेक्षण में सहायकपुलिस अधीक्षक वृत शहर पंकज यादव आईपीएस द्वारा प्रभावी पुलिसिंग के तहत, टीम डीएसटी व थाना मथुरागेट द्वारा कार्यवाही करते हुये मधुवन गार्डन मैरिज होम में महिला की हत्या कर फरार हुए आरोपी राहुल उर्फ छोटू उर्फ गैंडा को दस्तयाव किया। 26 सितम्बर को धर्मेन्द्र कुमार पुत्र रमेश चंद निवासी बृजनगर थाना मथुरा गेट भरतपुर ने पुलिस को सूचित किया की उसकी मां इन्द्रवती पत्नी स्व रमेश चंद जाति जाटव निवासी बृजनगर भरतपुर पिछले कई वर्ष से मधुबन गार्डन मैरिज होम भरतपुर मे साफ सफाई व देखभाल का कार्य करती है, वह 24 सितम्बर की शाम से नहीं मिल रही थी।

उसने व पुष्पेन्द्र, सुनील व पत्नी गीता, पुत्र भूपेश व मैरिज होम के संचालक ने मैरिज होम मे तलाश किया तो मैरिज होम के गार्डन के बगल मे कचरा पात्र वाले स्थान पर उसकी मां की लाश अर्द्धनग्नावस्था में मिली। जिसके शरीर पर कई जगह चोटो के निशान थे तथा लाश देखने मे पुरानी लग रही थी। उसने शक जताया कि उसके साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर लाश को छुपाने के उद्देश्य से कचरा घर मे डाल दिया गया।जिस पर मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया।

# गृह राज्य मंत्री ने जिला स्तरीय अधिकारी के साथ की बैठक

**भरतपुर ( निस )।** गृह, गोपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि अधिकारी जनता के प्रति जवाबदेही से कार्य करते हुये राज्य सरकार की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन कर पारदर्शिता से लोगों को लाभान्वित करें। राज्य मंत्री जवाहर बेढम कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय योजनाओं की प्रगति एवं बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुये भरतपुर एवं डीग जिले के अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी विभागीय योजनाओं की निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुये प्रत्येक पात्र परिवार को समय पर लाभ दिया जाना सुनिश्चित करें। राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप प्रत्येक कार्य में पारदर्शिता बरतते हुये आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण करें। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं की क्रियान्विति का प्लान बनाकर इस प्रकार कार्य करें कि निर्धारित समय में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण हो सके।

गृह राज्य मंत्री ने विभागवार कार्यों की समीक्षा करते हुये पुलिस विभाग को अनुसंधान कार्य में गति लाने, अपराधों की रोकथाम के लिये प्रभावी कार्यवाही करते हुये वांछित अपराधियों को गिरफ्तार करने का लक्ष्यानुरूप कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि महिला अत्याचार एवं पोक्सो के मामलों में त्वरित अनुसंधान समय पर कर झूंठे मामले पाये जाने पर कार्यवाही भी करें। उन्होंने महिला शक्ति आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यों की संख्या बढाने एवं सुरक्षा सखी के माध्यम से सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रत्येक थाने में महिला डेस्क को सक्रिय करें एवं एन्टी रोमियो की गतिविधियों को भी बढाकर प्रचार प्रसार करें। उन्होंने थानों में आधुनिक उपकरणों एवं वाहनों के लिये विधायक एवं सांसद निधि से सहयोग लें तथा नवक्रमोन्नत थानों, कार्यालयों को स्थापित करने के निर्देश दिये।

उन्होंने पशुपालन विभाग को जसवन्त प्रदर्शनी मेले को ऐतिहासित स्वरूप बरकरार रखते हुये सभी कार्यक्रमों को समारोह पूर्वक गरिमा के साथ आयोजित करने के निर्देश दिये। उन्होंने मेले में पानी निकासी, सुरक्षा व्यवस्था, विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजनों के बारे में निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि चल पशु चिकित्सा वाहन से अधिक से अधिक पशुपालकों को लाभान्वित किया जाये। राष्ट्रीय गर्भाधान कार्यक्रम, रोग नियंत्रण टीकाकरण कार्यों का अधिकाधिक प्रचार प्रसार किया जाये। गृह राज्य मंत्री ने डेयरी विभाग में लगातार अनियमितता के कारण लगभग 90 लाख रूपये के घाटे में चलने पर नाराजगी व्यक्त की तथा राज्य सरकार द्वारा बजट घोषणा में 30 करोड रूपये स्वीकृत करने पर प्लान बनाकर कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि भरतपुर व डीग जिले में दुग्ध उत्पादन की विपुल संभावनाऐं हैं किस प्रकार घाटा कम किया जा सके इसके लिये माइन्डसैट बदलकर कार्य करने के निर्देश दिये।

# डीसी वर्मा का किया सम्मान

**भरतपुर ( निस )।** समृद्ध भारत अभियान सहित विभिन्न संगठनों ने सेवानिवृत संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा का सोमवार को आयोजित एक समारोह में भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। जहां सभी वक्ताओं ने कहा कि उन्होने पिछले ढाई साल के कार्यकाल में जनता के प्रति संवेदनशील रह कर क्रियाशील प्रशासक के रूप में कार्य किया। समारोह में समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने कहा कि संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने अपने कार्यकाल में आमजन की समस्याओं को सून कर हर प्रकार से निराकरण करने का जो प्रयास किया। जिससे उनकी छवि आम लोगों में कुशल प्रशासक के रूप में बन गई। उन्होने हर संभव प्रयास किया कि क्षेत्र में जा कर आमलोगों के दु:ख-दर्द को सुना जाए। इसी कारण वे निरन्तर क्षेत्र में भ्रमण कर समस्याओं की जानकारी लेते और उनका निराकरण भी कराते। सम्मान समारोह में होटल एसोसियशन के कुं दीपराज सिंह ने कहा कि उनकी कार्यशैली से आम व्यक्ति भी अपनी समस्याओं को बता कर उनका निराकरण कराते, यही कारण रहा कि सभी सरकारों में उनकी कार्यशैली को पसन्द किया गया। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सतेन्द्र गोयल ने कहा कि उनके मघुर व्यवहार, जनता के प्रति संवेदनशीलता और कुशल प्रशासक की छवि को हमेशा याद किया जाता रहेगा। इन्जिनियर्स फोरम के हेमराज गोयल ने कहा कि वे अपने अनुभव का उपयोग देश व समाज के विकास कार्यो में लगाए। पूर्व कर्नल ओमवीर सिंह ने कहा कि जो कार्यशैली सांवरमल वर्मा की रही है उसे अन्य प्रशासकों को अपनाना चाहिए। कार्यक्रम में सांवरमल वर्मा का भरतपुर व्यापार महासंघ के जिलाध्यक्ष संजीव गुप्ता, चेम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष कृष्ण मुरारी अग्रवाल, इन्जिनियर फोरम के आरके मीणा, आरसी गुप्ता, बहादुर सिंह, सुनील बंसल, मनीश गुप्ता, डॉ रवि गुप्ता, मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गौरव कपूर, अतिरिक्त चिकित्सा एव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएम मीणा, जिला जाट महासभा के प्रेम सिंह कुन्तल, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक राजेश चौधरी, कुम्हेर के सीडीपीओ महेन्द्र अवस्थी, सलोनी अग्रवाल सहित विभिन्न संगठनों एवं समाज के लोगों ने साफा व माला पहनाकर भव्य स्वागत व सम्मान किया। कार्यक्रम के अन्त में समृद्ध भारत अभियान के प्रदेश कार्यक्रम प्रभारी पुनीत गुप्ता ने आभार व्यक्त किया।

`समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता के द्वारा विजन दस्तावेज-2047 तैयार की गई पुस्तिका का सेवानिवृत संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा सहित सभी अतिथियों ने विमोचन किया और कहा कि यह पुस्तिका भरतपुर के विकास का विजन तैयार करने में सहायक सिद्ध होगी। इस पुस्तिका में जिले के बुनियादी संसाधन एवं मानव संसाधन के विकास के लिए वर्ष 2047 तक कराए जाने वाले विकास कार्यक्रमों की रूपरेखा को समाहित किया गया है

## सरकारी अस्पतालो में ओपीडी का बदला समय

**गंगापुर सिटी।** जिला अस्पताल सहित जिलेभर के सरकारी अस्पतालों का समय मंगलवार से बदल गया। अब सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक ओपीडी रहेगा। सीएमएचओ डॉ. बत्तीलाल मीना ने बताया कि गंगापुर सिटी जिला अस्पताल में ओपीडी का समय अब सुबह 9 बजे से दोपहर तीन बजे तक का रहेगा।

उन्होंने बताया कि सरकारी छुट्टी के दिन समय सुबह 9 से 11 बजे का रहेगा। अस्पतालों पर आउटडोर में मरीजों को देखने का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक का रहेगा।

सभी प्रकार के सरकारी अवकाश के दिन समय सुबह 9 से 11 बजे का रहेगा। साथ ही आपातकालीन सेवाएं पूर्व की तरह जारी रहेंगी।

चिकित्सा प्रभारी डॉ. दिनेश गुप्ता ने बताया कि मंगलवार से सरकारी अस्पतालों में ओपीडी में मरीज सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक दिखा सकेंगे। सरकारी छुट्टी के दिन समय सुबह 9 से 11 बजे का रहेगा। मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवी सहाय मीना ने बताया कि ब्लॉक क्षेत्र के अस्पतालों पर आउटडोर में मरीजों को देखने का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक का रहेगा।

सभी प्रकार के सरकारी अवकाश के दिन समय सुबह 9 से 11 बजे का रहेगा।।

## 'कानून व्यवस्था, शिक्षा व स्वास्थ्य रहेंगी प्राथमिकताएं'

**सवाई माधोपुर, ।** जिले में कानून व्यवस्था, शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं में अभिवृद्धि करना हमारी प्राथमिकताएं रहेंगी। यह बात नवागन्तुक जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने मंगलवार को प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहीं।

जिला कलक्टर ने कहा कि किसी भी जिले के विकास एवं खुशहाली में कानून व्यवस्था का अहम रोल होता है। उन्होंने बताया कि वे जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के साथ संयुक्त रूप से जिले की कानून व्यवस्था बनाएं रखने के लिए कृत संकल्पित होकर कार्य करेंगी। उन्होंने इसमें प्रेस से पूर्ण सहयोग देने की बात करते हुए कहा कि वे जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाएं रखने क लिए तत्थयात्मक खबरों का ही प्रकाशन करें और जिम्मेदार व्यक्ति का सही वर्जन छापे।

उन्होंने कहा कि किसी भी समाज के उत्थान के लिए वहां के नागरिकों की शिक्षा व स्वास्थ्य में निवेश करने की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि वे जिले में शिक्षा एवं चिकित्सा पर विशेष रूप से ध्यान केन्द्रित करेंगी ताकि बच्चों को बेहतर शिक्षा एवं नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

उन्होंने सभी पत्रकारों से कहा कि वे सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं एवं प्राथमिकताओं को जन-जन तक पहुंचाएं ताकि गरीब व वंचितों का कल्याण हो और उनका जीवन भी खुशहाल एवं बेहतर बन सकें। उन्होंने पत्रकारों से जिले में हुई अतिवृष्टि के कारण फसल खराबे पर चर्चा करते हुए कहा कि वे इस संदर्भ में पूर्व में ही सभी तहसीलदारों को उचित गिरदावरी हेतु निर्देशित कर चुकी है।

उन्होंने पत्रकारों द्वारा रेलवे ओवर ब्रिज की महत्ता व उसकी धीमी गति पर हो रहे कार्यो पर चर्चा करते हुए कहा कि रेलवे ओवर ब्रिज का चौड़ाईकरण शहर की ट्रेफिक व्यवस्था एवं जाम से मुक्ति दिलाने में महत्वपूर्ण है इसलिए इस कार्य को दुरतगति से करने के निर्देश पूर्व में ही संबंधित विभागीय अधिकारी को दिए है। इस अवसर पर उप निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क हेमन्त सिंह, सहायक जनसम्पर्क अधिकारी सुरेन्द्र कुमार मीणा, अधिस्वीकृत पत्रकार राजेश शर्मा, सुनील जोशी, बजरंग सिंह राजावत, सुरेश सौगानी, राजमल जैन, अशपाक अब्बासी सहित राजस्थान पत्रिका से सुभाष मिश्रा, जिला पत्रकार विकास समिति अध्यक्ष नरेन्द्र भारद्वाज, डिजिटल मीडिया से अरविन्द सिंह चौहान, प्रिन्ट मीडिया से राजेश गोयल, सुरेन्द्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय बालिका वर्ग हैंडबॉल प्रतियोगिता 17 वर्ष में भीलवाड़ा बना चैंपियन

**हिंडौन सिटी।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय श्री महावीर जी विद्यालय के तत्वाधान में गत 26 सितंबर से खेली खेली जा रही राज्य स्तरीय 68 वीं बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता के वर्ग 17 आयु वर्ग के मंगलवार को फाइनल मुकाबला संपन्न हुआ। प्रतियोगिता संयोजक एवं प्रधानाचार्य मुकुट कुमारी गुर्जर व फील्ड मार्शल लोकेश मीणा एवं मीडिया प्रभारी नरेंद्र बाबा ने बताया कि 26 सितंबर से आयोजित हो रही

■ 19 वर्ष आयु वर्ग के फाइनल मुकाबले के साथ आज होगा प्रतियोगिता का समापन

बालिका वर्ग की 68 वीं राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के छठवे दिन सेमी फाइनल व फाइनल मुकाबले में दर्शकों में रहा उत्साह , फाइनल मैच में खिलाड़ी द्वारा गोल किए जाने पर तालियां बजा कर व हूटिंग करके दर्शको ने छात्रा खिलाडियों का उत्साह वर्धन किया । इस दौरान सीकर और भीलवाड़ा 17 वर्ष आयु वर्ग की छात्राओं के बीच का फाइनल मुकाबला बड़ा संघर्षपूर्ण रहा । जिसमें 16-14 से भीलवाड़ा की टीम विजेता रही। इससे पूर्व सेमी फाइनल मुकाबले खेले गए जिसमे 17 वर्ष आयु वर्ग में पहले सेमीफाइनल मुकाबले में सीकर ने बाड़मेर को 17-13 से व दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में भीलवाडा ने चूरू को 21-20 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया ।

इसी तरह 19 वर्ष आयु वर्ग में पहले सेमीफाइनल मुकाबले में जयपुर अकादमी ने बाड़मेर को 19-4 से व दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में सीकर ने जयपुर ग्रामीण को 18-13 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया । हार्ड लाइन मुकाबला 17 वर्ष आयु वर्ग बाड़मेर वर्सेस चुरु के मध्य आयोजित हुआ इन मैचों में तीसरे स्थान पर बाड़मेर रहा तो वही चूरू को चतुर्थ स्थान से संतुष्ट होना पड़ा। जिला शिक्षा अधिकारी इंद्रेश तिवारी उप जिला कलेक्टर हिंडौन हेमराज गुर्जर ,प्रतियोगिता संयोजक एवं प्रधानाचार्य मुकुट कुमारी गुर्जर, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र कुमार मीणा , उप जिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा मानसिंह मीणा, पर्यवेक्षक विकास गुप्ता, सेवानिवृत खेल प्रभारी ओम प्रकाश शर्मा, टेक्निकल एडवाइजर मुरारी लाल शाक्यवार, व्याख्याता शारीरिक शिक्षा धर्मेंद्र कुमार रैगर,वाइस प्रिंसिपल दिनेश चंद्र मीणा , आदि ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर विधिवत रूप से मैच शुरू करवाए। इस दौरान बीकानेर निदेशालय से प्रतिनियुक्त निर्णायक दीपक दत्ता जयपुर ,सपना अवस्थी कोटा, त्रिवेणी शर्मा डीडवाना सिटी , वीरेंद्र शर्मा जयपुर, रवि चौहान भीम सिंह, सुरेखा जैन, आंसू कर जालौर,जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्रति नियुक्त शारीरिक शिक्षा कार्यालय प्रभारी उमेर मीणा, शारीरिक शिक्षक देवी सहाय शर्मा ,प्रियाकांत बेनीवाल , सुनील यादव, जय राम स्वामी, विनीत मीणा, विनोद मीणा, देवेंद्र शर्मा, ने मैचों के दौरान निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता संयोजक एवं प्रधानाचार्य गुर्जर ने बताया कि प्रतियोगिता का समापन समारोह विद्यालय के खेल मैदान पर सुबह 9:30 बजे शुरू होगा जिसमें अधिकारी हेमराज गुर्जर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे वही कार्यक्रम के अध्यक्ष था सुधांशु का असली बाल अध्यक्ष दिगंबर जैन अक्षय क्षेत्र श्री महावीर जी करेंगे इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में ज्ञान सिंह जाट ब्लॉक विकास अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी इंद्रेश तिवारी मौजूद रहेंगे समापन समारोह में प्रतियोगिता के विजेता और विजेता खिलाडी छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा।मंगलवार को दोपहर का भोजन समाज सेवी सुभान हलवाई , रात्रि का भोजन कैप्टन भंवर सिंह गुर्जर की तरफ से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में आई छात्रा खिलाड़ी व निदेशालय बीकानेर एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से कार्मिकों को निशुल्क भोजन करवाया गया ।



जिला शिक्षा अधिकारी इंद्रेश तिवारी उप जिला कलेक्टर हिंडौन हेमराज गुर्जर ,ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर विधिवत रूप से मैच शुरू करवाए।

## मीना जिला अध्यक्ष नियुक्त

**करौली ( नि.स. ) ।** लोकजन शक्ति पार्टी रामविलास पासवान के प्रदेश सचिव महेंद्र चैधरी ने बताया की लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री चिराग पासवान के निर्देश अनुसार राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष सूरज कुमार बुराडिया ने करौली जिला अध्यक्ष पद पर महेश राज मीणा पुत्र कुंजीलाल मीणा निवासी मधुबन बिहार कॉलौनी करौली को नियुक्त किया है।

**पश्चिम मध्य रेल**
सं. ईएल/50/एनआईटी/13(2024-25)
दिनांकः 27.09.2024

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः- **निविदा संख्याः** ईएल/50/220/2024-25, **कार्य का नामः** कोटा मंडल- अमृत भारत स्टेशन विकास योजना के तहत दिव्यांगजनों सहित यात्रियों के लिए 06 स्टेशनों (BTE, HAN, SMVJ, GGC, SWM, RMA) पर 12 मीटर चौड़े सेन्ट्रल एफओबी पर 12 नग लिफ्ट का प्रावधान।, **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹ 7,95,22,928.74, **बयाना राशि (₹ में):** ₹ 5,47,600/-, **कार्य समाप्ति अवधिः** 12 माह, **निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने की दिनांक तथा समयः** 22.10.2024 को 15:00 बजे तक एवं खुलने का समय 15.15 बजे। **नोटः** ऑफर केवल ई-टेण्डरिंग के माध्यम से वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर स्वीकार किए जायेंगे। निविदा दाता के पास क्लास ।।। डिजिटल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना चाहिए एवं आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुएली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कण्डीशन्स एवं शर्तें अवश्य पढ़ लें।

**वरि.मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)**
**पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा**

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर